Gender Sensitization Policy

Govt. Hamidia Arts and Commerce College, Bhopal

संस्था के पूर्ण एवं स्थाई विकास में महिलाओं की भूमिका के महत्व को समझते हुए उनके सम्मान को सुरक्षित करना एवं एक बेहतर समाज के निर्माण में उनकी सतत भागीदारी सुनिश्चित करना आज की पहली आवश्यकता है।

इस उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुये महाविद्यालय में वर्ष 2015 से जेण्डर सेन्सिटाइज़ेशन सेल कार्यरत है। इस सेल के माध्यम से महाविद्यालय में लिंग आधारित भेदभाव शून्यता स्थापित करना, छात्रों को समाज में विकास के उपलब्ध अवसरों, समस्याओं एवं उनके निराकरण के प्रति लैंगिक विभेद से परे रहकर जागरूक करना तथा महिलाओं व पुरुषों को उन्नति के समान अवसर उपलब्ध करवाने हेतु उपयुक्त वातावरण का निर्माण किया जाना सम्मिलित होगा। अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु यह प्रकोष्ठ महाविद्यालय में प्राध्यापकों, छात्रों व ग़ैर–शैक्षणिक संवर्ग के लिए विशिष्ट व्याख्यानों, जागरूकता रैलियों, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं, नुक्कड़ नाटकों इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय महिलानीति एवं विशाखा गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन होना सुनिश्चित किया जाएगा। इस कड़ी में, प्रकोष्ठ के द्वारा छात्र समूह में से एक महिला व एक पुरूष छात्र की 'जेण्डर चैम्पियन' के रूप में नियुक्ति की भी व्यवस्था की जाएगी।

(डॉ. अनिल शिवानी)
प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt Hamidia Arts and
Commerce College, Bhopal